उदयपुर एक्सप्रेस

उदयपुर, शनिवार 19 नवम्बर, 2022

पोष्य बच्चों के साथ बाल गतिविधियो का आयोजन

उदयपुर। बाल अधिकार सप्ताह के अन्तर्गत बालकों एवं उनके अधिकारों से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का उदयपुर जिले में आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में फोस्टरकेयर सोसायटी युनिसेफ व बाल अधिकारिता विभाग के सहयोग द्वारा पोष्य बालकों के लिए 'प्रवाह' गतिविधि का आयोजन किया गया। फोस्टर केयर सोसायटी की कार्यक्रम प्रबंधक कुसुम पालीवाल ने बताया की पोष्य बच्चों में होने वाली व्यवहारात्मक समस्याओं को कम करना, उनके आत्म विश्वास को बढाना व डांस थेरेपी के माध्यम से उनके व्यवहार में परिवर्तन लाना ही इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। इस कार्यक्रम मेंराज्य बाल संरक्षण आयोग सदस्य, राजीव मेघवाल, पुलिस उपाधीक्षक, श्रीमती चेतना भाटी, पूर्व राज्य बाल आयोग सदस्य शेलेन्द्र पंड्या, सहायक निदेशक, बाल अधिकारिता विभाग, श्रीमती मीना शर्मा, बाल कल्याण समिति, अध्यक्ष ध्रुव कुमार अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति, सदस्य डॉ शिल्पा मेहता, सुरेश चन्द्र शर्मा, जिग्नेश दवे व संरक्षण्डु अधिकारी, राजकुमार जीनगर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। बच्चों को गतिविधि के लिए मनोचिकित्सक प्रोफेसर डॉ लेनी नागदा ने बच्चों को इमिटेशन गतिविधि, सहयोग व समूह बनाने के लिए समूह गतिविधि, डांस थेरेपी के माध्यम से बच्चों में उच्च उर्जा का हस्तान्तरण करवाया जिससे बच्चों की दैनिक गतिविधि को सरल बनाने में सहयोग दे सके। श्रीमती चेतना भाटी द्वारा बच्चो को गुड टच और बेडटच के बारे मे जानकारी दी गई। कार्यक्रम का अंत धन्यवाद ज्ञापन देते हुए सभी पोष्य बच्चों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। फोस्टरकेयर सोसायटी से प्रणव शर्मा, लवेश प्रजापत, मोहन लौहार व शिवानी सिघंवी उपस्थित थे।